हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 5 मई 2025



# आंधी और बेमौसम बारिश से धान और मक्के की फसल खराब, केले और पपीते के झाड़ भी गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले तीन दिनों से बे-मौसम तेज आंधी और बारिश ने अविभाजित जिले में व्यापक पैमाने पर कहर बरपाया है। बारिश की वजह से रबी की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं आम, पपीता और केले की फसल भी खराब हो गई है। बे-मौसम बारिश से सर्वाधिक नुकसान ग्रीष्मकालीन धान और मक्के को भी हुआ है। मौसम में लगातार आ रहे उतार-चढ़ाव के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ तौर पर दिखाई दे रही है। किसानों द्वारा अब राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में पिछले तीन-चार दिनों से शाम होते ही आंधी के बीच बारिश से जहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं विद्युत पोल और तारों के क्षतिग्रस्त होने के चलते शहर सहित गांवों में ब्लैक आउट की स्थिति भी निर्मित हो रही है। तेज हवाओं और बे-मौसम बारिश का कहर खेती-किसानी पर भी दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि मौसम में आ रहे लगातार उतार-चढ़ाव के कारण ग्रीष्मकालीन धान की फसल सर्वाधिक प्रभावित हो गई है। इसके साथ ही मक्के की फसल पर भी ज्यादा असर हुआ है। गौरतलब है कि धान की फसल की कटाई अभी शुरू नहीं हुई है, जिन इलाकों में धान की कटाई हो गई है, वहां खलिहान में रखी फसल बारिश के कारण खराब हो रही है। साग-सब्जियां भी खराब हो रही है। इसके अलावा जिले में पपीता, आम और केले की भी फसल ली जाती है। तेज हवाओं के कारण पपीते और केले के झाड़ गिर गए हैं। वहीं आम भी पेड़ों से गिर गए हैं।

## गांवों में ब्लैक आउट की स्थिति से चिंता में ग्रामीण, खेती खराब होने से किसानों की दिक्कतें बढ़ी

### क्वालिटी पर असर

मौसम में आए बदलाव का असर राज्य के हरे सोने की क्वालिटी पर भी पड़ रहा है। राज्य शासन द्वारा टेंडर की प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद ठेकेदारों ने तेंदूपत्ते की तोड़ाई हाल ही में शुरू की है। आंधी के कारण पत्ते खराब हो रहे हैं। वहीं बारिश के चलते तोड़ाई पर असर पड़ रहा है। ठेकेदारों का कहना है कि मौसम के कारण तेंदूपत्ते की क्वालिटी खराब हो रही है।



### मुआवजे की होने लगी मांग

बारिश के कारण आम का फल काला हो रहा है। किसानों का कहना है कि बे-मौसम आंधी और बारिश से उन्हें व्यापक पैमाने पर नुकसान हो रहा है। किसानों ने मुआवजे की मांग भी की है।

### नुकसानी का सर्वे

आंधी और बे-मौसम बारिश से खेती-किसानी में हो रहे नुकसान के बीच कृषि महकमे ने नुकसानी का सर्वे भी शुरू कर दिया है। जमीनी स्तर पर अफसरों की टीम किसानों से संपर्क कर नुकसानी का आंकलन कर रही है। विभागीय अफसरों की माने तो शीघ्र ही नुकसानी के आंकड़े सामने आने के बाद क्षतिपूर्ति का प्रकरण तैयार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मंदिर के दान पेटी से नगदी रकम चोरी



**राजनांदगांव।** शहर के पूनम कालोनी स्थित मंदिर का चैनल गेट तोड़कर चोरों ने दान पेटी में रखे नगदी रकम को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पूनम कालोनी स्थित शिव गजानन मंदिर का गत रात्रि अज्ञात चोर चैनल गेट में लगे ताला को तोड़कर मंदिर में रखे दान पेटी को बाहर निकालकर दान पेटी में रखे दान की राशि लगभग 6 हजार रुपए को चोरी कर लिए। चोरी की इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### मोर दुआर-साय सरकार अभियान के तहत सभी ग्राम में तलाशे गए परिवार

# सर्वे में पखवाड़ेभर के भीतर आवास के लिए 80 हजार परिवार मिले, इन्हें मिलेगी आर्थिक मदद!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोर दुआर-साय सरकार अभियान की तय अवधि को अब पंद्रह दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। आगामी 15 मई तक इस अभियान के तहत पीएम आवास के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। हालांकि जिले में सभी गांव तक पहुंचकर सर्वे का काम लगभग पूरा हो गया है। पिछले एक पखवाड़े के दौरान चले इस अभियान के तहत जिले में 80 हजार से अधिक ऐसे परिवार मिले हैं। जिनके पास पक्के आवास नहीं है। अब इन परिवारों को पीएम आवास के तहत पक्के घर दिलाए जाएंगे। सर्वे के दौरान मिले आवेदन में अपात्र हितग्राहियों की छंटनी भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बीते 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इस अभियान की शुरूआत की गई थी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए 15 दिवसीय मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का संचालन किया गया। यह अभियान 30 अप्रैल तक जारी रहने वाला था। हालांकि इसकी अवधि अब 15 मई तक के लिए बढ़ा दी गई है। इस महाभियान में राज्य के प्रत्येक गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस 2.0 के हितग्राहियों के सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जाना है, ताकि योजनांतर्गत आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य कराया जा सके। विशेष रूप से डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते लाभार्थी स्वयं भी मोबाइल ऐप के जरिये अपनी जानकारी अपलोड कर सकेंगे। इस प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सरल बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गृह पोर्टल भी विकसित किया गया है।



### तीन चरण में अभियान

यह महाभियान तीन चरणों में संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए थे। पहले चरण में 15 से 19 अप्रैल के बीच जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जाने थे। दूसरे चरण में 20 से 28 अप्रैल तक सभी ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। तीसरे चरण में 29 और 30 अप्रैल को सभी सर्वेक्षणों की पुष्टि, ग्रामसभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जानी थी। हालांकि अब इसकी अवधि 15 मई तक के लिए बढ़ा दी गई है।

### छुरिया में सर्वाधिक, डोंगरगांव में कम परिवार

सर्वे के तहत प्रशासन के प्रगणक सभी ग्राम पंचायतों में लोगों से ऑनलाइन आवेदन भरवा रहे थे। इस दौरान सभी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत आवेदन जमा हुए। जिले में कुल 80998 आवेदन मिले। इनमें सर्वाधिक 24838 आवेदन मिले, राजनांदगांव ब्लॉक में 18950, डोंगरगढ़ ब्लॉक में 22358 और सबसे कम 14852 आवेदन छुरिया ब्लॉक से प्राप्त हुए हैं। हालांकि छूटे हुए परिवारों के पास अभी 15 मई तक की अवधि आवेदन के लिए शेष है।

### वन विभाग की टीम एक्टिव

## सुदर्शन पहाड़ में तेंदुआ दिखने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



सुदर्शन पहाड़ अछोली में शनिवार को तेंदुआ देखा गया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने तेंदुआ को पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार तेंदुआ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए हैं और टीम तेंदुआ को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों को तेंदुआ से सावधान रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग की टीम तेंदुआ को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

# सदर बाजार क्षेत्र में लापरवाही, एक हिस्से पर ही हुआ सड़क का निर्माण

### 10 करोड़ लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की खस्ता हाल सड़कों को दुरुस्त करने के लिए लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य किया गया है, लेकिन इस सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल खड़े हुए हैं। निर्माण के 10-12 दिन में सड़क उखड़ने का मामला भी सामने आया है। इसी बीच शहर के सदर बाजार क्षेत्र में सड़क के अधूरे निर्माण का अनोखा मामला दिखाई दे रहा है। सदर बाजार की सड़क का सिर्फ एक हिस्से पर ही निर्माण हुआ है। जबकि इस सड़क के दूसरे हिस्से में निर्माण कार्य अधूरा है।

**महीनों पहले हुआ निर्माण :** बताया जा रहा है कि लगभग तीन-चार माह पहले इस सड़क के एक हिस्से का निर्माण हुआ था। इसके बाद इसके दूसरे हिस्से को यूं ही छोड़ दिया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस सड़क का अधूरा निर्माण कर पूर्ण निर्माण दिखाया गया है।





### शहर की अनोखी सड़क!

भारतमाता चौक से लेकर सदर बाजार चौक के समीप तक दाहिने हिस्से में ही सड़क निर्माण हुआ है। जबकि बांया हिस्सा छोड़ दिया गया है। इससे यह सड़क दो भागों में नजर आ रही है। इस सड़क के अधूरे निर्माण के चलते यह शहर की अनोखी सड़क दिखाई दे रही है।

### शहर की महत्वपूर्ण सड़क

आमतौर पर किसी भी सड़क का निर्माण पूरे हिस्से में किया जाता है। आवागमन बाधित नहीं होने को लेकर कभी-कभी सड़क के एक हिस्से पर निर्माण होता है और फिर अगले दिन दूसरे हिस्से पर, लेकिन शहर किस महत्वपूर्ण सड़क का सिर्फ एक ही हिस्से में निर्माण हुआ है और ठेकेदार की लापरवाही के चलते महीनों से दूसरे हिस्से का निर्माण नहीं किया गया है।


# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भावी चिकित्सकों ने दी नीट की परीक्षा

### एक से डेढ़ घंटे पहले पहुंच गए थे परीक्षार्थी, जांच के बाद मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डॉक्टर बनने की तमन्ना पाले हुए भावी चिकित्सकों ने आज नीट की परीक्षा दी। नीट यूजी के इस परीक्षा के लिए राजनांदगांव शहर में व्यापक तैयारी की गई थी और पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस बार सभी परीक्षा केंद्र शासकीय महाविद्यालय और स्कूलों में बनाया गया। परीक्षा को लेकर काफी कड़ी सुरक्षा और पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित हुई इस नीट की परीक्षा के लिए सुबह 11 बजे से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया था। काफी जांच पड़ताल के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया गया। नीट की परीक्षा के लिए शहर के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय आत्मानंद सर्वेश्वरदास स्कूल, शासकीय एकलव्य और केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इन परीक्षा केन्द्रों के बाहर सुबह से ही परीक्षार्थियों की लाइन लगी रही। सभी अपने रोल नंबर के आधार पर अपनी बैठक व्यवस्था तक पहुंचे।



### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

इधर परीक्षा केन्द्रों में गड़बड़ी और सुरक्षा के मद्देनजर निर्विघ्न परीक्षा के संचालन हेतु पुलिस व्यवस्था भी की गई थी। काफी जांच पड़ताल के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों के भीतर प्रवेश दिया गया। परीक्षा केन्द्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहने के अलावा मोबाइल टीम भी परीक्षा केन्द्रों का दौरा करती रही।

### इलेक्ट्रॉनिक गैजेट प्रतिबंध

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाइल फोन, डिजिटल वॉच प्रतिबंधित रहा। वहीं प्रवेश पत्र के आधार पर ही परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को दाखिल किया गया।

### निर्बाध हुई परीक्षा

परीक्षा के कड़े नियमों और चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते शहर के सभी पांच परीक्षा केन्द्रों में निर्बाध परीक्षा का संचालन हुआ। किसी भी तरह की हड़बड़ी और दिक्कत से बचने के लिए परीक्षार्थी भी लगभग चार घंटे पहले ही परीक्षा के न्द्रों के बाहर पहुंच गए थे।

### 74 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

नीट की परीक्षा को लेकर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहर में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसके लिए प्रश्न पत्र बैंक में जमा थे। इन प्रश्न पत्रों को परीक्षा केन्द्रों में वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 1842 परीक्षार्थी को सम्मिलित होना था। इसमें से 74 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 1768 परीक्षार्थियों ने नीट यूजी की परीक्षा दी।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग विशेषज्ञ



डॉ. अर्पण जैन
एमबीबीएस, एमडी (गोल्ड मेडलिस्ट), डीएम (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट)
आपके शहर राजनांदगांव में
पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग के लक्षण
भूक न लगना, एसीडिटी, पेट में दर्द, जलन, घाव,गांठ,पानी भरना, टी.वी. होना, लीवर में चर्बी जमना, आंतों का केंसर, हेपेटाईटिस, पित्त की नली में पथरी, खाना न पचना व अन्य
समस्त एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी प्रक्रियाएं
पैन्क्रियाटाइटिस एवं पैंक्रियाज के कैंसर का इलाज
दिनांक : 06 मई 2025, मंगलवार
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेब टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
90981 22633, 7773010942
Deepak Advts.

### पिछले तीन दिनों से अंचल में अंधड़ के साथ बेमौसम बारिश

# अगले 48 घंटे ऐसा ही रहेगा अंचल में मौसम का हाल उसके बाद 2 से तीन डिग्री चढ़ेगा अधिकतम तापमान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस से बिगड़े हुए मौसम का हाल अगले दो दिन ऐसा ही रहेगा। अगले 48 घंटे राजनांदगांव अंचल में मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अगले एक से दो दिनों में अंचल के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, जिससे गर्मी बढ़ेगी। उसके बाद तापमान में अधिक बदलाव नहीं होगा।

इधर लगातार अंधड़ तुफान के चलते कई नुकसान भी देखने को मिल रहे है। जहां जिलेभर में पिछले तीन से चार दिनों में बिजली सप्लाई कई दफा प्रभावित हुई है। वहीं इस अधंड़ का असर खेती में भी दिखा है। तेज हवाएं चलने से खेतों में लगी फसले भी खराब हुई है। इसके साथ ही मौसम में उतार चढ़ाव के दौर बना रहने की वजह से बड़ी संख्या में लोग वायरल के चपेट में भी आ रहे है। खासकर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अधिक परेशान है।



### ऐसा रहेगा मौसम

एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका मध्य उत्तर प्रदेश से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 5 में को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।

अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE
दो कदम आगे
PowerTech
5310 57HP 42.7kW
GearPro



जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### गर्मी के दिनों में बारिश



**सड़क अतरिया।** मौसम में बदलाव के चलते गर्मी के दिनों में बारिश का नजारा देखने मिल रहा है। शनिवार को फिर एक बार तेज हवा के साथ बारिश हुई। गांव की गलियां तथा सड़क किनारे अच्छा खासा पानी जमा हो गया। सुबह लोग उमस और गर्मी महसूस कर रहे थे किन्तु शाम को मौसम बदलने और बारिश होने से तापमान में कमी आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। आंधी के चलते बीते तीन घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रही।

### बैठक में बनी नई कार्ययोजना



**बांधाबाजार।** वनांचल में कार्यरत समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला की बैठक गत दिनों संस्था कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में प्रबंध कार्यकारिणी में दो सदस्य सरिता कुमेटी एवं रमेश यादव का अभिनंदन किया गया। बैठक में आगामी वर्षों के लिए दो नए प्रबंध कार्यकारिणी का गठन अगस्त में किया जाना प्रस्तावित किया गया है। नए प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का नाम भी प्रस्तावित किया गया। कुछ सदस्य जो मीटिंग में उपस्थित नहीं होते थे उनसे संस्था ने इस्तीफा लिया है। बैठक में अध्यक्षता कर रही सुनंदा मोहुर्ले ने बताया कि बैठक में सदस्यों को आय व्यय की जानकारी के अलावा दान राशि संग्रहण करने के संवैधानिक नियम बताए गए। बैठक में संस्था को आगे ले जाने के लिए समर्पित सेवाभावी कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुनंदा मोहुर्ले, रमेश यादव, रेवती कुमेटी, पायल मोहुरले आदि उपस्थित थे।

### सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** सांसद निधि से मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 11 लाख की स्वीकृति मिली है। सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजनप्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती की उपस्थिति में रिटायर्ड स्टेशन मास्टर विश्वनाथ यादव ने नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, जस्मितसिंग बन्नोआना, मोंटी भाटिया, पार्षद निर्मलकर, डीकेश राव, भूपेंद्र मरकाम, पिंटू भाटिया, वीरेन्द अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सविता दरगढ़, लक्ष्मी यादव, विनीत यादव, चेतन अग्रवाल, श्याम तिवारी, विजय कोटांगले, विनय बंसल आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया नगर पालिका का निरीक्षण



**डोंगरगढ़।** नगर प्रवास पर पहुंचे कलेक्टर डां. भूरे ने नगर पालिका का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पीडब्ल्यूडी सभापति अमित जैन, राजस्व सभापति सुमित ताम्रकार, स्वास्थ सभापति डिकेश राव, पार्षद अनीश निर्मलकर, मोनू भंडारी, ललित शर्मा, सत्यम यादव उपस्थित थे। पालिका अध्यक्ष नगर में पट्टा प्रदाय के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का लिया जायजा।

### चाकू दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार



**डोंगरगढ़।** पुलिस को गत एक मई को सूचना मिली कि नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के सामने नारियल प्रसाद दुकान के पास एक व्यक्ति चाकू रखकर लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी महेश्वर ठाकुर पिता टीकम ठाकुर निवासी अटल आवास कन्या शाला रोड को डराते धमकाते पकड़ा। आरोपी के पास से एक नग बटनवाला चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### लगातार बदल रहा मौसम

**डोंगरगढ़।** तेज गर्मी के बीच मौसम में आ रहे बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक तेज गर्मी रहती है और फिर अचानक मौसम बदलता है और हवा तुफान के साथ बारिश होने लगती है। यह सिलसिला पिछले 3 से 4 दिनों से चल रहा है। मौसम में बदलाव के बाद लोगों में सर्दी खासी की शिकायत बढ़ी है।

### शिशु मंदिर में परिणाम घोषित



**कल्लूबंजारी।** सरस्वती शिशु मंदिर साल्हेटोला में 30अप्रैल को पदाधिकारियों एवं पालकों के उपस्थित में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित करने से पदाधिकारियों एवं पालकों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। अध्यक्ष मनराखन ने आर्थिक रुप से कमजोर पालकों को आर्थिक सहायता देने की बात कही। कक्षा अरुण में अरविंद, अजित कंवर प्रथम, जिसु साहू द्वितीय, वंश भरद्वाज तृतीय, कक्षा प्रथम में हुसिका साहू प्रथम, धरा मंडावी द्वितीय, रिया मंडावी तृतीय, कक्षा द्वितीय में गायत्री नेताम प्रथम, पल्लवी यादव द्वितीय, देवबत्ती कंवर तृतीय, कक्षा तीसरी में इशिका साहू प्रथम, स्नागेश गंगा चौधरी द्वितीय, दामिनी मंडावी तृतीय, कक्षा चतुर्थ में दीपा साहु प्रथम, ललिमा साहू द्वितीय, टेमन साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम में ममता साहू प्रथम, कुमकुम साहू, ज्ञानेश्वरी, तेनुका साहू प्रथम, काजल साहू ने द्वितीय और रसिका साहू ने तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा षष्ठम में रेशमा पटेल प्रथम, कंचन कुंजाम द्वितीय, पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भजिया बेचते बना पार्षद, फिर भी पेशे से नहीं तोड़ा नाता

## 16 साल की उम्र से संभाल रहा अपना धंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पद मिलने के बाद लोग जहां अपनी जीवनशैली बदल लेते हैं और आधुनिकता के रंग में रंग जाते हैं, वहीं गंडई नगर में एक ऐसा पार्षद है भजिया बेचते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर जीत हासिल किया। पार्षद चुने जाने के तीन महीने बाद भी वह बिना शर्म के सहज भाव से अपने व्यवसाय से पहले की तरह जुटे हैं।

गंडई नगर पंचायत के वार्ड 13 निवासी सावंत कुमार देवांगन जो 28 वर्ष के हैं, अपने पिता स्व कृष्णकुमार देवांगन के निधन के बाद 2014 से माँ गंगई मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर भजिया, सेव, मिक्सचर, जलेबी, बालूशाही आदि की दुकान लगाते हैं। इससे पहले उनके पिता भजिया की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। पिता के गुजरने के बाद सावंत कुमार ने केवल 16 साल की उम्र में अपनी माँ और तीन बहनों की जिम्मेदारी संभालने के लिए भजिया दुकान शुरू किया। लगातार 12 साल तक दुकान चलाने के बाद उन्होंने नगर पंचायत के वार्ड 13 से निर्दलीय चुनाव लड़ा और मतदाताओं की कसौटी में खरा उतर कर जीत हासिल किया।



### पद का गुमान नहीं

श्री देवांगन को पदभार ग्रहण किए तीन महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन उन्होंने आज भी अपने पारंपरिक काम को जारी रखा है। वह पहले ही तरह उसी स्थान पर भजिया की दुकान लगाते हैं। हर रविवार को उन्हें देखा जा सकता है। उनके कई परिचित पूछते हैं कि पार्षद बनने के बाद भी वह भजिया की दुकान क्यों लगाते हैं? तो उनका जवाब होता है कि किसी का भी राजनीतिक पद स्थाई नहीं रहता है। राजनीति में अच्छा काम करना, वार्डवासियों की सेवा करना, विकास में योगदान देना और वार्डवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखना उनका लक्ष्य है इसलिए अपनी माता, पत्नी और दो बच्चों के भरण-पोषण के लिए उन्होंने अपने पारंपरिक काम को आज भी जारी रखा है। उनकी नजर में कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है।

## राज परिवार पूजा-अर्चना कर खोलेगा द्वार

# सालभर बाद आज खुलेगी ऐतिहासिक मंडीपखोल गुफा

## गुफा के अंदर प्राचीन शिवलिंग स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

लोग जिस मंडीप खोल गुफा को देखने साल भर से इंतजार कर रहे थे वह कल सोमवार को खुलेगी। सुबह से यहां दूरदराज के लोगों का पहुंचना शुरु हो जाएगा। राज परिवार के सदस्य अपने पूर्वजों की परंपरा निभाते हुए कुल देवता का स्मरण कर गुफा का द्वार खोलेंगे तथा गुफा के अंदर स्थित प्राचीन शिवलिंग सहित अन्य देवी देवता का विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगें।

जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को कलेक्टर इन्द्रजीतसिंह चन्द्रवाल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, जनपद सीईओ रविकुमार सहित अन्य ने दुर्गम रास्ता से होकर मौके पर पहुंच कर जायजा लिया था। यहां उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने तथा सुविधा मुहैया कराने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोगों की सुविधा के लिए मार्ग की पहचान, गुफा में प्रवेश एवं अंदर व्यवस्था बनाया गया है। मार्ग एवं गुफा समीप उमड़ने वाली भीड़ के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था किया जाएगा।



### पंचायतों को जिम्मेदारी

ऐतिहासिक मंड़ीप खोल गुफा का दर्शन करने पहुंचे लोगों को आवश्यक सुविधा मुहैय्या कराने के लिए सेवा समिति के सदस्य तैनात रहेंगे। निकटवर्ती पंचायत ठाकुरटोला, गर्रा, अचानकपुर, सिंगारपुर तथा देवरचा को आवश्यक सुविधा मुहैया कराने कहा गया है ताकि मार्ग तथा गुफा के समीप लोगों को परेशानी न हो।

### पर्यावरण सुरक्षा की अपील

ठाकुरटोला राज परिवार के सदस्य लाल रोहित पुलस्त्य ने लोगों से पर्यावरण सुरक्षा की अपील किया है। उन्होंने कहा कि गुफा घने जंगल के मध्य स्थित है जिससे लोग यहां सावधानी पूर्वक पहुंचे। पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस धार्मिक स्थल पर नशाखोरी करना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि मंडीप खोल लोगों की आस्था से जुड़ा है। जो अक्षय तृतीया के बाद आने वाले सोमवार को खोला जाता है। गुफा के अंदर प्राचीन शिव एवं अन्य प्रतिमा है जिसका दर्शन कर हजारों लोग अपनी आस्था प्रकट करते हैं। यहां मदिरा पान, मांस, घी या अन्य खुशबूदार पदार्थों को प्रतिबंधित किया गया है।

# प्रेस क्लब गंडई की टीम ने संभाला पदभार



- विनोद नामदेव सर्वसम्मति से पुन: बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रेस क्लब गंडई में 3 मई को नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो थे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

प्रेस क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष विनोद नामदेव ने दो वर्षों के सफल कार्यकाल के पश्चात पुनः अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया था। सदस्यों ने उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए सर्वसम्मति से उन्हें अगले दो वर्षों के लिए पुनः अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद विनोद नामदेव ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी। शपथ ग्रहण समारोह में संरक्षक हरिशंकर साहू, राकेश जायसवाल, दिलीप ओगरे, राजू जंघेल, उपाध्यक्ष रत्नेश कुलदीप, सचिव अवधेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष रोहित देवांगन, सहसचिव ओमकार साहू एवं सदस्य नंदकिशोर साहू, संजय नामदेव, राजू वैष्णव, यावर खान नियाजी, नारायण चतुर्वेदी, संगीत चौबे, शैलेन्द्र दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

### विकास की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्री खुशरो ने नगर विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए क्लब के सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने प्रेस क्लब गंडई के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए अध्यक्ष विनोद नामदेव एवं पूरी टीम को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

### समाधान शिविर आज



**छुरिया।** जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत 118 पंचायतों में 25 हजार आवेदन प्राप्त हुए है। जनपद पंचायत से जुड़े आवेदनों को छोड़ अन्य विभाग को 8322 आवेदन प्राप्त हुए है। 16678 में से 14828 आवेदन को जनपद पंचायत ने निराकृत किया है जो काफी प्रशंसनीय है। जनपद के अधिकारी और कर्मचारियों ने सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक आवेदनों की जांच कर निराकृत करने का प्रयास किया है। शेष 1850 आवेदन को उच्च कार्यालय को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप विकासखंड में 10 अलग अलग स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन होना है। प्रथम शिविर का आयोजन कल 5 मई को करमरी पंचायत में होगा। शिविर का आयोजन 5 से 28 मई तक अलग अलग स्थानों में होगा।

# घुमका हॉस्पिटल के निरीक्षण में पहुंची विधायक हर्षिता बघेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने घुमका हॉस्पिटल निरीक्षण के दौरान मरीजो से मुलाकात कर उनका हाल जाना। बदलते मौसम को देखते हुए उन्होंने ज्यादा से ज्यादा पानी, तरल पदार्थों का सेवन करने और धूप में न निकलने की सलाह दी। उन्होंने सफाई के लिए बीएमओ को फटकार लगाया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल में हर तरफ गंदगी फैली हुई थी।पूरा अस्पताल अव्यवस्थित नजर आ रहा था। उन्होंने लोगों बीमारी के साथ इन्फेक्शन से बचाने के लिए सफाई पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने सफाई स्टाफ की जानकारी लेते हुए जल्द जीवनदीप समिति की बैठक रखने के निर्देश दिए ताकि व्यवस्था सुचारू बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान टीकम यदु, कीर्तन नागपुर, फूलमती वर्मा, शुभम पांडे, प्रहलाद यादव, जयकुमार वर्मा, कैलाश शर्मा, सीताराम वर्मा, आशीष वर्मा, नारायण वर्मा, दानी वर्मा, नवनीत चंदेल, कपिल वर्मा, दौलत देवांगन आदि उपस्थित थे।

# मस्ती की पाठशाला में सेहत और संस्कार का सबक सीखा बच्चों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास और उनमे संस्कारो के साथ धार्मिकता का बीजारोपण करने के ध्येय के साथ नवगठित आशा फाउंडेशन द चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी ने मस्ती की पाठशाला शुरु किया है।

चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में आयोजित पहली कड़ी में वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन दुर्ग की मेघा राठी ने जीवनोपयोगी जानकारी देने के साथ बच्चों को उन संस्कारों के बारे में भी बताया जो स्वस्थ्य जीवन के लिए जरूरी हैं।

जानकारी के अनुसार नगर की सेवाभावी चंचल गांधी, स्वाति पंसारी, अंकिता गुप्ता, स्वाति गुप्ता, दीपिका कुंवर, अलका साहू, अर्पिता जैन आदि ने हाल ही में आशा फाउंडेशन का गठन किया है। इस फाउंडेशन ने शारीरिक, मानसिक गतिविधियों से विलग होकर मोबाईल, टीवी के दायर में सिमटते जा रहे बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दिनों मे एक्टिव रखने के साथ उन्हें शारीरिक, मानसिक गतिविधियों से जोड़ने के साथ उनमे धार्मिकता की भावना जागृत करने के लिहाज से मस्ती की पाठशाला शुरु किया है।



### संस्कार और स्वास्थ्य का मेल

चिल्ड्रंस गार्डन प्ले स्कूल में मस्ती की पाठशाला का आयोजन रविवार को किया गया। दुर्ग की मेघा राठी ने बच्चों को संस्कृति और संस्कार से जोड़ते हुए शुरुआत में मंत्रोच्चार करवाया। ज्ञानवर्धन जानकारी देते हुए उन्होंने ध्यान, सूर्य नमस्कार के साथ आसन और योग भी सिखाया। पूरे आयोजन को मनोरंजक बनाते हुए बच्चों को खेल भी खिलाया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को सुबह 8 से 10 बजे तक यह आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्वाती पंसारी, चंचल गांधी, अंकिता गुप्ता, दीपिका कुंवर पायल कुंजाम मौजूद थे।

# अवैध शराब बिक्री पर डोंगरगढ़ पुलिस सख्त

- गिरफ्तार कर आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा एवं एसडीओपी आशीष कुंजाम के आदेश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के निर्देश पर पुलिस गस्त पेट्रोलिंग कर शराब कोचियों, तस्करों, सटोरियों, संदिग्धों आदि की निगरानी रखने के साथ कार्यवाही कर रही है। गत एक मई को पुलिस ने योगेश रायपुरी पिता स्व गोपाल रायपुरी निवासी



खुंटापारा को पुराने कॉलेज के सामने 7 बोतल गोवा अंग्रेजी कीमत 3360 रूपए के साथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) छग आबकारी अधिनियम के तहत अपराध कायम किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।


HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में गत दिनों परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा अरुण में प्रथम भूमिक कुंजाम, द्वितीय उदय वर्मा, तृतीय लावण्या कदम, कक्षा उदय में प्रथम अक्षत सिन्हा, द्वितीय धीरज साहू, तृतीय डिंपल साहू, कक्षा प्रथम से प्रथम प्रांजल लाउत्रे, द्वितीय धैर्य साहू, तृतीय कुंजन सिन्हा, कक्षा द्वितीय में प्रथम शैलेश पटेल, द्वितीय सानिया उईके, तृतीय चैतन्य वर्मा, कक्षा तृतीय में प्रथम कौशल साहू, द्वितीय हुलसी कौशल, तृतीय डिंपल पटेल, कक्षा चतुर्थ में प्रथम डोमेश वर्मा, द्वितीय यश गोस्वामी, तृतीय दुर्गा कुंजाम, कक्षा पंचम में प्रथम गोकुल लाउत्रे, द्वितीय कंचन मारकंडे, तृतीय गुंजन सिन्हा, कक्षा षष्ठम में प्रथम वासु यादव, द्वितीय तोषण देशमुख, तृतीय ईशान पटेल, कक्षा सप्तम में प्रथम उमा गोस्वामी, द्वितीय आदित्य वर्मा, तृतीय कविता मारकंडे रही। इस मौके पर पूरनलाल पटेल, एआर पटेल, चुरामनदास साहू, प्रिया दुबे, अनिता देशमुख, पूर्णिमा वर्मा, मंजू साहू, पूजा ठाकरे, राजेंद्र टंडन आदि मौजूद थे।

### कई पेड़ गिरे, उड़े घरों के टीन



**डोंगरगढ़।** रोजाना शाम को मौसम में बदलाव देखने मिल रहा है। एक सप्ताह से हवा तुफान के साथ बूंदाबांदी होने के चलते क्षेत्र में ब्लैक आउट की समस्या बन रही है। गुरूवार की शाम को लगभग 50 से 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आए तूफान ने क्षेत्र के लोगों को दहशत में ला दिया था। लगभग 10 मिनट तक चले तूफान के साथ आधी घंटे तक हवा चलते रही। काफी देर तक बारिश भी हुई जिसके कारण क्षेत्र में करीब एक घंटा तक लाईट बंद रही । तूफान के चलते कई वार्डों सहित कई ग्राम पंचायत के पेड़ भी उखड कर गिर गए। विभिन्न मार्ग पर पेडों की टहनिया टूटकर बिखरी नजर आई। कई दुकानों और घरों में लगे टीन टप्पर भी उड़ गए। तेज हवा के कारण लोग दहशत में आ गए थे हालांकि इस दौरान कहीं भी जनहानि होने की खबर नही है लेकिन लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पडा है।

### पहलगाम में शहीद हुए सैलानियों को दी श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के एलुमिनी एसोसिएशन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत पर्यटकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोकसभा में सुनील जैन चीकु, रमन डोंगरे, सुदेश मेश्राम, जसमीतसिंग बन्नौआना, प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, डॉ संगीता रंगारी, डॉ एमएल नंदेश्वर, टोमन लाल कंवर, कमलेश कोर्राम, दुलेन्द्र कुमार, सिद्धार्थ नागदौने, ठाकुर किशोरसिंह, चंद्रप्रकाश शर्मा, विलास सहारे, प्रफुल चावड़ा, राजेश दम्माणी, उषा किरण शाह, प्रतिभासिंग, अखिल यादव, लखन ठाकुर, आनंद सोनी, विपुल अग्रवाल, प्रकाश यादव, अविनाश टेम्भुरकर, कुलेश्वर यादव, झगेन्द्र बंजारे, बलराम साहू, एनका मीणा, योद्धासिंह राठौर, दविंदरसिंग भाटिया, रोहित वाल्दे, पूनम तिवारी, उपकार साहू, हरिश सोनी, वाय मोहन राव, बाबुराव जनबंधु, तरूण वरकडे, पूनम सिन्हा, सुमित ताम्रकर, योगेश्वर मानिकपुरी, ज्योति गंधर्व, डोमेश्वर सिन्हा, ऋतु पटेल, शिल्पी यादव, वैशालीसिंह, वेदप्रकाश वर्मा, गोपीचंद वर्मा, नेहा खांडेकर, रेणुका सिंहा, स्नेहा साहू, निकिता कंडरा, पूजा सिंह, शकुंतला टेकाम, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### 7 से स्कूल और 15 से शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण

# जिले के स्कूलों और शिक्षकों का होगा युक्तियुक्तकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राष्ट्रीय शिक्षा नीति व शिक्षा का अधिकार अधिनियम तहत स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में शालाओं व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व विकासखंड स्तरीय समितियों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा बाद अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में दायित्वों का पालन करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया के तहत पहले शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 10 से कम छात्रसंख्या वाले प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों को समीपवर्ती स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। इसके पश्चात अतिशेष शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। स्कूलों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया 7 से 25 मई तक चलेगी। वहीं 15 मई से 10 जून तक शिक्षकों के लिए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया होगी। शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रक्रिया के लिए समिति गठित की जाएगी जिसका कार्य शालाओं और शिक्षकों को चिह्नांकित कर सूचीबद्ध करना, रिक्त पदों की शालावार सूची तैयार करना व समायोजन के लिए सटीक कार्ययोजना बनाना होगा।

#### शिक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ

गौरतलब है कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का आदेश पूर्व में अगस्त 24 में जारी हुआ था लेकिन चुनाव सहित अन्य कारणों से यह स्थगित कर दिया गया था। अब पुनः इसे लागू करते हुए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संसाधन-संतुलित बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर, डीईओ केके शुक्ला सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



धर्मनगरी में अक्षय तृतीया पर्व के साथ भगवान् परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। केदारबाड़ी स्थित विप्र भवन में ब्राम्हण समाज के विप्रजनों की उपस्थिति में भगवान् परशुराम की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने सुंदर पाठ का किया। जन्मोत्सव के मौके पर बटुको का पं रघुनाथ तिवारी के मंत्रोच्चार से उपनयन संस्कार कराया।

विप्र भवन से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो हाईस्कूल चौक होते हुए मुल्तानीपारा, सेठपारा, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, गोलबाजार, भगतसिंग चौक, थाना चौक, नया बस स्टैंड चौक होते हुए वापस विप्र भवन पहुँची।नगर भ्रमण के दौरान बुधवारी पारा में रघुनंदन हनुमान समिति, खंडूपारा में माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, गोलबाजार में हनुमान भक्त, बजरंग दल के सदस्यों ने स्वागत कर भगवान् परशुराम की पूजा अर्चना किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, नपाध्यक्ष रमन डोंगरे, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, संजीव गोमास्ता, बबलू शांडिल्य, हनी गुप्ता अन्य उपस्थित थे।

#### प्रतिभाशालियों का सम्मान

शोभायात्रा समापन के पश्चात सामाजिक लोगों की उपस्थिति में समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं सहित शिक्षा, प्रशानिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष अनिल पांडेय, युवराज शर्मा, राजेन्द्र मिश्रा, राकेश तिवारी, राजेन्द्र गर्ग, अमिताभ पांडे, दुर्गेश शुक्ला, ललित शर्मा, चंद्रमणि ओझा, महेंद्र शर्मा, प्रमोद शुक्ला, द्वारकाप्रसाद शर्मा, अशोक ओझा, वासुदेव पांडेय, लक्ष्मण पांडेय, वासुदेव मिश्रा, निरंजन शर्मा, राजेश शर्मा, शशिकांत दुबे, अनिल द्विवेदी, अनिताभ पांडे, शिरीष पांडे, महेश तिवारी, हेमंत तिवारी, विष्णु शर्मा, दिनेश दुबे, जनक तिवारी, पुरुषोत्तम दुबे, पूरण शर्मा, शशांक उपाध्याय, प्रकाश शर्मा, योगेश शर्मा, आशीष शुक्ला, लक्ष्मीनारायण पांडे, राहुल मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, शिशिर मिश्रा, ऋषि मिश्रा, आदित्य मिश्रा, अक्षत गर्ग, मनीष तिवारी, अभिषेक तिवारी, महेंद्र त्रिपाठी, शौर्य मिश्रा, आदित्य शर्मा, रमाकांत तिवारी, शिवेंद्र मिश्रा, चंदन बाजपेयी, सतीश मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी, सुशील उपाध्याय, सुनील दुबे, ओम तिवारी, आरती मिश्रा, स्मिता बाजपेयी, हेमा बाजपेयी, शशि तिवारी, शचि तिवारी, माधुरी पांडा, गायत्री मिश्रा, पूजा शर्मा, दुर्गा शर्मा, सौम्या भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित थे।

# सांसद की पहल से 22 मजदूर काम पर लिए गए पुनः वापस

- यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद से की थी मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी यूनियन जिला शाखा की आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में एकलव्य आवासीय विद्यालय पेंडरी के 22 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को निकालने पर विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रिंसिपल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश होने का बहाना कर काम से निकाल दिया था। बैठक में काम बंद करने का निर्णय लिया गया।

गत एक मई को मजदूर दिवस के अवसर पर कर्मचारियों ने एकलव्य विद्यालय गेट में ताला लगातर चाबी प्रिंसिपल को सौंप दिया था। काम बंद करने के बाद युनियन के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद से मुलाकात किया। संघ प्रतिनिधि ने इससे पहले पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को प्रकरण से अवगत कराया था। उनकी पहल पर सांसद से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर निकाले गए 22 कर्मचारी को पुनः काम में रखने ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों से चर्चा के बाद सांसद ने प्रिंसीपल और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से चर्चा किया गया चर्चा किया। चर्चा के बाद निकाले गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को यथावत कार्य रखने का निर्णय लिया गया। इस पहल के लिए संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद का आभार व्यक्त किया है। प्रतिनिधि मंडल में योगेश चौरे, हरिश्चंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, भुवनेश पाटिल, गोविंद, दुलार, संगीता, उषा, ज्योति आदि शामिल थे।

# रिश्वत की राशि वापस करने दूसरे राज्य पहुंची चिल्हाटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के चिल्हाटी थाना में बीते दिनों अवैध शराब बिक्री के लिए संरक्षण देने के नाम पर थाना घेराव होने के बाद चिल्हाटी थाना अब रिश्वत कांड के गंभीर आरोपो में घिर गया है। मामला दो किसानी बैल के परिवहन से जुड़ा है। पुलिस के चंगुल में फंसने के बाद रातभर थाना में कैद रहने के साथ-साथ बैल, पिकअप वाहन और परिवहन में शामिल 5 लोगों को छोड़ने के बदले लाखों की अवैध वसूली करने के संगीन आरोप पुलिस पर लगा है। इस मामले की शिकायत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से की गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 अप्रैल को कारगिल युद्ध लड़े गढ़चिरौली महाराष्ट्र जिला के कोरची तहसील के ग्राम खुनारा निवासी रिटायर्ड फौजी का परिवार अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम पंचायत भड़सेना के आश्रित ग्राम कोलियाटोला निवासी किसान रामकुमार सलामे पिता सुकुल सिंह सलामे 56 वर्ष से किसानी के लिए एक जोड़ी बैल खरीदा। पीड़ितों के बयान के अनुसार 20 अप्रैल को वे लोग चिल्हाटी थाना क्षेत्र के निवासी देवदास साहू पिता गैदलाल साहू 21 के पिकअप वाहन में बैल डालकर महाराष्ट्र अपने घर ले जा रहे थे। रास्ते में चिल्हाटी थाना के सामने आबकारी चेक पोस्ट में पिकअप वाहन को मवेशी तस्करी के आशंका में रूकवाते हुए थाना के भीतर खड़ा कराया गया। पूरी रात बैल, पिकअप वाहन तथा परिवहन करने वाले पांच लोगों को थाना में रातभर कैद कर रखा गया। सुबह थाना में मुंह मांगा रकम देने के बाद बैल, पिकअप वाहन एवं बैल को ले जाने वाले लोगों को पुलिस ने छोड़ा। बताया गया कि इस संपूर्ण मामले में बैल खरीदार बैल बेचने वाले तथा पिकअप वाहन संचालक को कानूनी धाराओं का खौफ दिखाकर थाना में पूरी रात हलाकान किया गया। वहीं एक लाख से ऊपर रिश्वत लेकर उन्हें सुबह छोड़ दिया गया।



#### वापस लौटाने महाराष्ट्र पहुंची पुलिस

इस प्रकरण को प्रकाश में लाने पीड़ित पक्ष जिले के पत्रकारों से संपर्क कर 3 मई को पुलिस के शीर्ष अफसरों को शिकायत कर 11 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबागढ़ चौकी में प्रेसवार्ता सुनिश्चित किया हुआ था, परंतु थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया को इसकी भनक लग गई। मामला उजागर होने से पहले थाना प्रभारी व अन्य थाना स्टाफ 2 मई को शाम 5 बजे के लगभग महाराष्ट्र गढ़चिरौली जिले के अति संवेदनशील इलाके में प्रवेश कर फौजी और उसके परिवार के समक्ष हाथ-पैर जोड़ते हुए माफी मांगकर रिश्वत की रकम लौटाया। इस मामले में पक्ष रखने चिल्हटी थाना प्रभारी रवि शंकर डहरिया से फोन पर संपर्क करने की बेहद कोशिश की गई, परंतु वह फोन नहीं उठा रहे हैं।

#### मां को कंधा देने से पहले दी रिश्वत

पूरी रात थाना में पुलिस कैद में रहने के दौरान 21 अप्रैल पहट को मां की मौत हो गई। मां की अर्थी उठने से पहले चिल्हाटी थाना को रुपए देने वह अपने गांव महाराष्ट्र पहुंचा। गांव में लोगों से पैसा जुटाकर फिर वापस चिल्हाटी थाना पहुंचकर रिश्वत की राशि दी, तब बैल, गाड़ी, खुद व साथी पुलिस थाना के चंगुल से छूट पाए। उसके बाद दोपहर को मां के अंतिम संस्कार में वह किसी तरह शामिल हो पाया। बैल मालिक किसान भड़सेना कोलियाटोला निवासी रामकुमार सलामे पिता सुकल सिंह सलामे 56 वर्ष से बैल का सौदे की रकम 34500 को भी पुलिस ने थाना में मंगवाकर ले लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन स्टेट विंग के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**खैरागढ़।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन के छत्तीसगढ़ स्टेट विंग का गठन दुर्ग में हुआ। कार्यक्रम में संगठन के महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रानी राज लक्ष्मी तिवारी की उपस्थिति मे राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह सहित अन्य पदाधिकारियो ने प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि साथ गहरी संवेदना व्यक्त करने के बाद संगठन की आगामी दिशा व कार्यप्रणाली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। रानी राज लक्ष्मी तिवारी ने संगठन को और अधिक सक्रिय, विस्तृत व प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया और सामाजिक घटनाओं पर सजग दृष्टि बनाए रखने की सलाह दी। इस अवसर पर छग स्टेट विंग के नव नियुक्त अध्यक्ष गणेश चंद्र दुबे, प्रदेश महासचिव विकास शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट पंचराम साहू, सचिव रितेश गोयल, अरविंद तिवारी, इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हेमंत गोयल, अशोक कुमार सहित दुर्ग जिले की नव निर्वाचित अध्यक्ष सीमा सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने संगठन की नीतियों और सामाजिक सरोकारों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# किरगी संकुल के सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी



डोंगरगांव के संकुल किरगी के सेवानिवृत्त शिक्षकों को गत दिनों विदाई दिया गया। पूर्व माध्यमिक शाला किरगी के सेवानिवृत्ति उच्च वर्ग शिक्षक एवं पूर्व संकुल समन्वयक कीर्ति कुमार गंगबेर, सेवानिवृत्त उच्च वर्ग शिक्षक चेतन सिंह साहू एवं पूर्व माध्यमिक शाला रूदगांव के सेवानिवृत प्रधान पाठक दिलीपचंद्र खोब्रागड़े को किरगी संकुल के शिक्षकों द्वारा विदाई दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव आरएल पात्रके ने किया। संकुल प्राचार्य नरोत्तमलाल कमरिया ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया।

सेवानिवृत शिक्षकों के कर्तव्य यात्रा का वाचन प्रधान पाठक मंगलदास बंजारे, एसएल सिन्हा, राजेश सोनकर द्वारा किया गया। प्रधान पाठक मनोहरलाल साहू, प्रधान पाठक महेंद्र कुमार बघेल ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ बिताए पलों एवं उन्हें दीर्घायु एवं समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत शिक्षक सालिकराम साहू ने कार्यक्रम पर गीत प्रस्तुत किए। रूदगांव के प्रभारी प्राचार्य ममता विश्वकर्मा ने सेवानिवृत शिक्षकों के कर्तव्यनिष्ठता एवं विद्यालय में योगदान को विस्तार से बताया। व्याख्याता चंद्राकर ने अपना विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अंतिम उद्बोधन में आरएल पात्रे ने सेवानिवृत शिक्षकों के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामनाएं की। सेवानिवृत शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान भेंट किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन एवं समापन की घोषणा मेहन्दूराम पटेल ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुन्दर साहू एवं संतोष देवांगन ने किया।

इस अवसर पर रविन्द्र रमन साहू, एनआर साहू, आरके साहू, भारती साहू, भूमिका लालेश्वर, आल्हा, सुरेश देहारे, चंद्रभान साहू, एडी हिरवानी, श्रीराम मारकंडे, कुन्ती साहू , दीनाराम सोनकर, शैलेन्द्री निषाद, पद्मनी साहू, प्रमोद साहू, उमेंद सिंह ठाकुर, सुजाता भेलोटकर, निर्भय सिन्हा, केजूदास मानिकपुरी, मंदा सोनटेके, मेनका यादव, राजेश हिचामे, ग्वाल निषाद, खिलेश साहू, अनुराग यदु, पीयूष देवांगन, हेमकुमारी राणा उपस्थित थे।

### अपने बीच पहली बार सांसद को पाकर बैगा समाज के लोग हुए उत्साहित

# हाथीझोला में बैगा महापंचायत में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले के धुर नक्सल प्रभावित रहे बकरकट्टा और प्रदेश सहित जिले के अंतिम छोर के ग्राम हाथीझोला में आसपास के 52 गांव के बैगा समाज द्वारा आयोजित बैगा महापंचायत में सांसद संतोष पांडेय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

हाथीझोला में पहली बार किसी सांसद को पाकर बैगा समाज के लोग खासे उत्साहित थे। बैगा समाज के मुड़ादार भगलू नेताम बैगा ने सांसद की मौजूदगी को स्वागतयोग्य बताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, निजाम सिंह मंडावी, तीरथ चंदेल सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि आदिवासी लोक संस्कृति हमारी धरोहर है। सभी एक महतारी के कोख से सभी पैदा हुए है। पीएम मोदी ने बैगा समाज के लोगों की चिंता की। आज जनमन योजना के माध्यम 852 आवास बनना है जिसमें 252 बन गया है। गांव गांव तक प्रधानमंत्री सड़क बनने की बात साथ उन्होंने सभी बनने वाली सड़कों की जानकारी बैगा समाज के लोगों को दी। 8 जगह नए आंगन बाड़ी केंद्र और नए भवन बनेंगे। सांसद ने कहा कुल 200 करोड़ का काम इस क्षेत्र में होगा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अपनेपन के भाव के साथ काम कर रहे है।

भाजपा आदिवासी समाज के सुख दुख की साथी है। समाज की मांग पर उन्होंने भवन निर्माण के लिए 15 लाख रूपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

#### सांसद के नेतृत्व में जनमन का हो रहा काम

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सांसद संतोष पांडेय के नेतृत्व में जनमन को लेकर बैगा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए काम हो रहा है। सांसद ने वनांचल के विकास का मुद्दा दिल्ली में उठाया। जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार ने कहा कि भाजपा सुख दुख की साथी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांसद संतोष पांडेय बैगा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए काम कर रहे है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि प्रदेश और जिले के अंतिम छोर में सांसद संतोष पांडेय का आगमन सुखद है। भाजपा की सरकार विकास की चिंता करती है। कई गांव में सडक और बिजली नहीं था, लेकिन आज हर क्षेत्र में काम हो रहा है।



## सार समाचार

### बालक में दिव्यांश व बालिका वर्ग में शिखा प्रथम

**राजनांदगांव।** आकांक्षा स्वीमिंग पूल्स में राज्य स्तरीय तीसरी आकांक्षा स्वीमिंग प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



प्रतियोगिता में प्रदेश के धमतरी, कांकेर, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बालोद, कवर्धा और खैरागढ़ जिलों से लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दुर्ग-भिलाई के खिलाड़ियों का इस प्रतियोगिता में विशेष दबदबा रहा। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में समाजसेवी खिलावन चंद्राकर, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, पत्रकार दिग्विजय दास वैष्णव, सौरभ ताम्रकार, प्रवेश वर्मा, अश्वनी साहू एवं विवेक मिश्रा मौजूद रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग कोच तामेश्वर तंबोली, पीटीआई शैलेन्द्र तिवारी और राजाराम देवांगन की देखरेख में प्रतियोगिता का संचालन हुआ। प्रतिभागियों के लिए 25 मीटर, 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर फ्री स्टाइल की विभिन्न स्पर्धाएं रखी गई थी। आयु वर्ग 6 से 25 वर्ष के खिलाड़ियों ने इन स्पर्धाओं में भाग लिया। बालक वर्ग में दिव्यांश सोनी तथा बालिका वर्ग में शिखा वर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य विजेता खिलाड़ियों में हर्षा यादव, भूपेंद्र कुमार, तुलेश्वर वर्मा, आयुषी ठक्कर, सिदीक्षा बड़वाल, शिखा वर्मा, दीपांशु सोनी, कृष्णा मिरवानी, छवि शर्मा, अशोक कुमार, चंचल चंद्रकार, किरण साहू, मिकेश कुमार, अंश चंद्राकर, श्रेष्ठ कुमार, धुर्विका सिंह, मो. रेहान, गोविंद यादव और सिद्धांत बगड़वाल शामिल रहे। विजेताओं को मेडल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। महापौर यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि आने वाले वर्षों में इस प्रतियोगिता को शासन स्तर पर आयोजित करने की योजना है। नगर निगम द्वारा राजनांदगांव में खिलाड़ियों के हित में एक अत्याधुनिक स्वीमिंग पुल बनाया गया है। जिसमें प्रतिदिन लगभग 200 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन राजू सोनी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में पियूष तिवारी, प्रसन्न तिवारी, तुलसी गौतम, मोरध्वज निषाद, डोमन, नरेश कुमार शर्मा, प्रशांत, हेमलाल, यशवंत सिन्हा और राजेश चौथवानी का विशेष योगदान रहा।

### निगम का बजट असरकारी

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष (आर्थिक प्रकोष्ठ) एवं व्यापारी योगेश बागड़ी ने नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव की तीसरी पारी के पहले



बजट को बहुत ही असरकारी एवं उपयोगी बताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री यादव अपने अनुभव एवं कार्य कुशलता से बजट में घोषित योजनाओं को अपने कार्यकाल में ही जरूर पूरा कर लेंगे। शहर में सर्वसुविधायुक्त 2000 सीट वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण एवं दिग्विजय स्टेडियम में 50 लाख रुपए के ओपन जिम के निर्माण की घोषणा शहर के लिए एवं खिलाड़ियों हेतु मील का पत्थर साबित होगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नालंदा परिसर का निर्माण एवं एक नया गौरवपथ सहित कई महत्वपूर्ण सड़कों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव सराहनीय है। शहर के मध्य से होकर गुजरने वाले फ्लाई ओवर के नीचे के स्थान को कुछ इनडोर खेलों हेतु उपयोग करने एवं उनका सौंदर्यीकरण कर उन्हें बहुत ही कम लागत में अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है। सुगम व्यापार हेतु होलसेल मार्केट की संरचना करने की घोषणा भी व्यापारियों हेतु अच्छी पहल है। ट्रिपल इंजन के महापौर एवं उनकी क्षमताओं से इस बजट में घोषित लगभग सभी योजनाओं को आने वाले समय में पूरा कर लिया जाएगा, ऐसा विश्वास शहरवासियों को है।

### आवेदन 6 मई तक

**राजनांदगांव।** पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट विद्यालयों के चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव 6 मई तक आवेदन आमंत्रित की गई है। चयन के लिए सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त व संबंध संस्थाएं ही पात्र होंगे। चयन हेतु इच्छुक एवं पात्र संस्थाएं निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कक्ष क्रमांक 65 प्रथम तल जिला कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### साथी बाजार को लेकर आज बैठक

**राजनांदगांव।** साथी बाजार के संबंध में कल 5 मई को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्री बीड बैठक आयोजित की गई है। बैठक में साथी बाजार में अलग-अलग श्रेणी एवं साइज की दुकानों हेतु आवेदन की प्रक्रिया और चयन के मापदंड, नियम शर्त सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी जाएगी। बैठक में अधिक से अधिक स्थानीय व्यवसायियों तथा शहरी एवं ग्रामीण समूहों, कृषि उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन राजनांदगांव, नाफेड एवं कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से राजनांदगांव जिले के मंडी परिसर में जल्द ही साथी बाजार का संचालन किया जाएगा। इसमें अलग-अलग व्यवसाय करने वाले कंपनियों, स्थानीय विक्रेताओं, राष्ट्रीय ग्रामीण एवं शहरी आजीविका योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग अन्य विभागों के अंतर्गत गठित ग्रामीण एवं शहरी समूहों एवं संकुल संगठनों द्वारा विभिन्न दुकानों का संचालन किया जाएगा और विभिन्न सामग्री की बिक्री होगी। साथी बाजार का संचालन जिला स्तरीय फेडरेशन द्वारा किया जाएगा।

### निधन



#### प्रदीप भाई कनैया

**राजनांदगांव।** हमालपारा निवासी प्रदीप भाई कनैया पिता प्रहलाद भाई कनैया का 4 मई को देवलोकगमन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 5 मई को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से मुक्तिधाम के निकाली जाएगी।

## मरीज हो रहे हलाकान, नहीं सुधर रही व्यवस्था

# जिला अस्पताल में अव्यवस्था, जल संकट के साथ इलाज में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अस्पताल में अव्यवस्था का आलम है। यहां भर्ती मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। वहीं अस्पताल में जल संकट भी बना हुआ है। वहीं भीषण गर्मी के बीच मध्यम रफ्तार से चल रहे सीलिंग फैन से पर्याप्त हवा भी नहीं आ रही है। हर वार्ड में कूलर जरूर लगा है, लेकिन पानी की कमी के चलते कई जगह कूलर बंद पड़े हैं।

राजनांदगांव में इन दिनों झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। तेज धूप की वजह से लू चल रही है। पंखे और कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी गर्मी में झुलसना पड़ रहा है। यहां कूलर तो लगे हैं, लेकिन पर्याप्त नहीं है। वहीं कूलर के लिए पानी की कमी है। जिसकी वजह से मरीजों को पंखे के भरोसे ही रहना पड़ रहा है।



#### तीन दिन से नहीं पहुंचे डॉक्टर

अस्पताल में भर्ती मरीज संतोष रजक का कहना है कि वह तीन दिनों से यहां भर्ती हैं और तीन दिन में महज एक बार ही डॉक्टर राउंड में आए हैं। वहीं उन्होंने कहा कि यहां सुबह नाश्ता, अंडा भी नहीं मिलता है। खाना, पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं है और इलाज भी नहीं मिल पा रहा है।

#### पीने को पानी नहीं

जिला अस्पताल में जल संकट बना हुआ है। यहां वार्डों के आसपास पेयजल की व्यवस्था नहीं है। वहीं बाथरूम में भी नहाने के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। भर्ती मरीजों का कहना है कि पानी नहीं होने के चलते वह दो-तीन दिनों तक नहीं नहा पाते हैं।

#### समस्या ही समस्या

मेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती चंद्रशेखर सिंह राजपूत ने बताया कि वह बीते 15 तारीख से यहां भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि यहां पानी की विकराल समस्या है। सुबह लेट्रिंग, बाथरूम जाने पानी नहीं रहता है। 10 बजे के आसपास पानी आता है। दोपहर तक बीपी चेक भी नहीं होता है। उन्होंने बताया कि खाना भी ठीक से नहीं मिलता है। पंखा ठीक से नहीं चलता है और कूलर में भी पानी नहीं रहता है।

#### वेटिंग के बाहर पंखे नहीं

जिला अस्पताल में वार्डों के बाहर भी अव्यवस्था का आलम है। यहां ओपीडी में आने वाले मरीजों के प्रतीक्षा स्थल पर पंखे-कूलर नहीं लगे हुए हैं। वहीं रक्त सहित अन्य जांच कराने भी वेटिंग करने वाले मरीज और उनके परिजनों के लिए गलियारे में पंखे तक की व्यवस्था नहीं है।

## कॉन्फ्लुएंस में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्फ्लुएंस महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शिक्षा विभाग के विभिन्न छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की साइंस मॉडल एवं प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण महाविद्यालय परिसर में किया गया।

इस आयोजन में अवलोकनकर्ता व अतिथि के रूप में सहा. प्रा. डॉ. त्रिलोक कुमार एवं डॉ. सोनल मिश्रा दिग्विजय महाविद्यालय उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने उक्त प्रदर्शनी की सराहना करते कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन से छात्रों में विज्ञान की आधुनिक तकनीकों एवं नवीनतम खोजों के प्रति छात्रों में रूझान पैदा होता है। इससे छात्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ सकते हैं।

## शिविर में 138 आधार कार्ड अपडेट



- पार्षद श्रोती की पहल पर मोहारा वार्ड में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के वार्ड क्र. 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आधार कार्ड में मोबाइल नंबर, बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट शिविर लगाया गया। रविवार को आयोजित शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में वार्ड नागरिकों ने आधार अपडेट करवाने दस्तक दी। शिविर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित रहा। जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में लगभग 138 नागरिकों द्वारा आधार बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट करवाया गया।

वार्ड में आयोजित शिविर में ई-डिसट्रिक्ट प्रबंधक सौरभ मिश्रा का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही चिप्स कार्यालय से लीलाधर कुंभकार एवं कुंज बिहारी कुंभकार ने अपनी सेवाएं दी। पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि आधार अपडेट नहीं होने की वजह से हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आधार कार्ड में जो मोबाइल नंबर लिंक है, वो बंद हो चुका है या गुम चुका है या परिवार के सदस्यों के बाहर रहने की वजह से उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस वजह से नया नंबर अपडेट करवाना अत्यंत आवश्यक हो गया था। पार्षद श्रोती द्वारा वार्ड के नागरिकों को आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लगातार अपील की गई। जिसकी वजह से आज शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन, मीना सोनकर, लक्की देवांगन, मोहन तिवारी, पिंटू देवांगन, सोहन प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, दुबेश प्रजापति, कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिन्हा, सुरेश सिन्हा, रूपेंद्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी।

## शादी घर में आगजनी, पांच लाख से अधिक का सामान जलकर खाक

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिया मुआवजा दिलवाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल स्थित ग्राम ठाकुरटोला में खुशियों का पल उस समय गम में बदल गया, जब आगजनी में लाखों का सामान खाक हो गया। रविवार तड़के एक ग्रामीण के घर अचानक आग लग गई। आगजनी में घर सहित घरेलू सामान एवं दो मोटर साइकिल सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपी यादव के घर शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। शनिवार को लड़की की बिदाई पश्चात घर वाले एवं मेहमान थक चुके थे, जो भोजन पश्चात गहरी नींद में सो गए थे।

सुबह तकरीबन साढ़े चार बजे घर वालों की नींद जागी, तब देखा कि घर में आग लग गई थी और आग बेकाबू हो गया था। घर वाले जैसे-तैसे घर से बाहर निकले और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, पर सफलता नहीं मिली। आगजनी में लाखों का सामान जल गया। आगजनी में सभी घर वाले सुरक्षित हैं, परन्तु आगजनी में पांच लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है। आगजनी में दो मोटर साइकिल, घरेलू सामान, अनाज, कपड़ा, पैसा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया।



#### नुकसान का लिया जायजा

जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रियंका खम्हन ताम्रकार घटना की जानकारी होने पर गोपी यादव के घर पहुंचे तथा नुकसान का जायजा लेकर मौके पर ही एसडीएम से प्रकरण तैयार करवाने की बात कही। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते सरकार से मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया है। उनके साथ अनुज साहू, रोशन जंघेल समेत अन्य साथ में रहे।

## कर्मयोगी श्रमिकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किसी भी देश के नवनिर्माण में श्रम साधक कर्मयोगी श्रमिक भाई-बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इनके श्रम के बगैर हम किसी भी राष्ट्र के उत्थान की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। छोटे से झोपड़ी से लेकर बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों को संपन्न करने का कार्य श्रमिकों द्वारा ही किया जाता है। यह उद्गार सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी पुष्पा दीदी ने ज्ञान मानसरोवर में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में व्यक्त किया।

पुष्पा दीदी ने कहा कि श्रमिक भाई-बहनें अपने व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर परमपिता परमात्मा को अवश्य याद करें। इससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और दैनिक कार्य में परमात्मा की मदद मिलेगी। दीदी सबको राजयोग मेडिटेशन द्वारा शांति की गहन अनुभूति भी कराई।

ज्ञातव्य हो कि 3 मई को ब्रह्मकुमारीज ज्ञान मानसरोवर में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर विशेष अतिथि इंजीनियर तरूण साहू ने सभी श्रमिक भाई-बहनों को



शुभकामनाएं दी। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। श्रमिक भाई-बहनों के सम्मान में मान्या ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया तथा किशोर ने स्वागत गीत गाया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार झालम तथा आभार प्रदर्शन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने किया। इस अवसर पर रूपेश्वर भाई, कमलेश भाई, अमर दास, प्यारे लाल, मनीष, दीपक शर्मा, उज्जवल, दीपक कारपेंटर, टीकम सहित अन्य श्रमिक भाई-बहनें उपस्थित थे।

## घर-घर, डगर-डगर जल बचत आवश्यक

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के भूगोल विभाग द्वारा संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में समसायिक आवश्यकता जल संरक्षण का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विषयक छात्राओं को बताया कि जल संकट एक वैश्विक समस्या है। जनसंख्या की दृष्टि से हमारा देश अब प्रथम स्थान पर है।

इस कारण बढ़ता जल उपभोग और लगातार घटते जल स्त्रोतों ने देश-धरती में जल संकट अत्यधिक गहरा गया है। धरातलीय सतही जल अत्यधिक प्रदूषित हो गया है। जबकि भूगर्भीय जल का अतिशय दोहन के कारण धरती माता की कोख सूख गई है, इसीलिए वर्तमान में चारों ओर जल, पेयजल का संकट दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। वैसे भी पृथ्वी पर निवासित अधिकांश जनसंख्या और अन्य जीव-जंतु वर्षा जल, नदी जल और परपंरागत जलस्त्रोतों पर ही निर्भर करते



हैं। बढ़ते तापमान, वर्षा में कमी और वृहद वाष्पीकरण ने विशेषकर ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को और अधिक गहन कर देता है।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि जल ही जीवन है। इसे बचाना ही होगा। इसके लिए गहराते जल संकट का एक ही समाधान होगा कि हम सभी घर-घर, डगर-डगर जल बचाएं। वैसे भी दैनिकचर्या में जल बचाना व्यक्ति-व्यक्ति का मौलिक दायित्व बनता है। इसके लिए आवश्यक होगा कि हम अपने परंपरागत जल स्त्रोतों का संरक्षण करें और इस तत्व को आत्मसात कर नित्य जीवन क्रम में अपनाए।

# श्रीमद् भागवत कथा : श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम सांकरा में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। भगवतचार्य श्री कृष्णधर दीवान राजा परपोड़ी ने रविवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा बताई। श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा के अंतर्गत रविवार की रात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव से किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की वेला आई, पूरा वातावरण "जय कन्हैया लाल की" और "नंद के घर आनंद भयो" के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरूआत कथा व्यास कथावाचक भगवताचार्य कृष्णधर दीवान द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के वर्णन से हुई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जब धरती पर अधर्म बढ़ा और अत्याचार अपनी चरम सीमा पर पहुंचा, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के यहां आठवें पुत्र के रूप में अवतार लिया। इस दौरान मंचन करते खुमेश साहू वासुदेव का रूप धारण कर यमुना नदी से बालक श्रीकृष्ण को पार कर गोकुल ले जाने का कथा का मंचन किया। बाल स्वरूप में भगवान कृष्ण को देखकर भक्तों ने मंदिर की घंटियां, शंखनाद, पुष्पवर्षा और भक्तों की आरती से वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक और भावविभोर हो गया। भगवान को मिश्री, माखन, तुलसी-दल, पंचामृत और वस्त्र अर्पित किए गए। इसके बाद भगवान की भक्ति में सब झूम उठे।

#### विशेष सजावट और झांकी आकर्षण का केंद्र

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की मनमोहक झांकियां लगाई गई थी। जिसमें वासुदेव का श्रीकृष्ण को टोकरी में लेकर यमुना पार ले जाना, गोवर्धन पर्वत धारण करना, रासलीला तथा माखन चोरी जैसी लीलाओं का सुंदर चित्रण किया गया। मंदिर और कथा स्थल को रंगीन झालरों, फूलों और दीपों से सजाया गया था।



#### भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में देर रात तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने भगवान की महिमा का गुणगान किया। "मुरली मनोहर श्रीकृष्ण", "छोटी-छोटी गैया, छोटे-छोटे ग्वाल" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। बाल भक्तों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और दही-हांडी प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह जोड़ा।

#### भक्तों ने लिया प्रसाद, किया सेवा कार्य

श्रीकृष्ण जन्म के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें माखन-मिश्री, पंचामृत और खीर का विशेष भोग था। आयोजकों द्वारा निःशुल्क भोजन वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजक लाल कुमार साहू और साहू परिवार द्वारा किया जा रहा है।



### 46 ग्राम पंचायत सहित 7 नगरीय निकायों में आयोजित होगा समाधान शिविर

# सुशासन तिहार में मिले मांग और शिकायतों के 1 लाख से अधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रविवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार-वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा-संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाट-बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है।

जिले में कुल 1 लाख 16 हजार 368 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग के संबंधित 1 लाख 14 हजार 273 एवं शिकायत से संबंधित 2 हजार 95 है। अब तक 75.8 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 से 30 मई तक चलेगी। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे।

जिले में कुल 46 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें बोड़ला जनपद के अंतर्गत 9 ग्राम पंचायत, कवर्धा जनपद के अंतर्गत 11 ग्राम पंचायत, पंडरिया जनपद के अंतर्गत 10 और सहसपुर लोहारा अंतर्गत 9 ग्राम पंचायत और सभी 7 नगरीय निकाय में शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र व प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएगें। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी।



#### समाधान शिविर में मंत्री, अधिकारी होंगे शामिल

कलेक्टर कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। कलेक्टर ने पत्रकार साथियों से सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सकें।


# डिप्टी सीएम विजय शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शनिवार को पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्राम अतरिया खुर्द में आयोजित 11 कुण्डीय श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई वहीं कथाव्यास राजीव लोचन महाराज की श्रीमुख प्रवचन सुनकर एवं श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति-समृद्धि के लिए कामना किया। जिसमें डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी उसी कड़ी में ग्राम कंझेटा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री शर्मा का भव्य फूल-माला से आत्मीय स्वागत किया गया साथ ही साथ ग्रामवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर गांव विकास क विषय पर परिचर्चा की गई। इस दौरान गोपाल साहू, सरपंच भागीरथी सोनवानी, रामकृष्ण तिवारी, बबलू चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, दीप चंद्रवंशी, लोकनाथ चंद्रवंशी व मनहरण साहू तथा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## नल जल जीवन मिशन योजना लाभ से वंचित ग्रामीण



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आश्रित ग्राम गांगचुवा में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल जीवन मिशल योजना अंतर्गत विशाल पानी टंकी का निर्माण कराया गया। लेकिन निर्माण कार्य के बाद भी ग्रामीणों ने नल जल जीवन मिशन योजना लाभ से वंचित नजर आ रहे है। ग्रामीण हितग्राहियों ने बताया कि घरों घर नल कनेक्शन जिम्मेदार ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया, लेकिन घरों तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच पा रही है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिस पर रहवासियों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द शासन की महत्वकांक्षी योजना को चालू कराए जाने की मांग की गई ताकि ग्राम गांगचुवा के रहवासियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल का लाभ मिल सकें।

# उपमुख्यमंत्री 11 कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ में हुए शामिल

■ डोम निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जिले के पंडरिया विधानसभा के ग्राम दामापुर अतरिया के दौरे पर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री साहू समाज द्वारा आयोजित 11 कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने साहू समाज की मांग पर डोम निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आम ग्रामीणों के बीच जाकर उनसे आत्मीय बातचीत की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जैसे ऊंचे पद पर होने के बावजूद उनका जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व उन्हें जनता के और करीब लाता है। दामापुर पहुंचते ही उन्होंने न केवल ग्रामीणों का हालचाल जाना, बल्कि एक स्थानीय होटल में जाकर उनके साथ चाय-नाश्ते का आनंद लिया। उनके इस व्यवहार ने ग्रामीणों को यह अहसास कराया कि वे केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपनेपन से भरे एक सच्चे जनसेवक हैं। उप मुख्यमंत्री की यह सादगी और आत्मीयता ने वहां मौजूद लोगों को गहराई से प्रभावित किया। लोग उनसे खुलकर मिले और आत्मीयता के इस स्वभाव को सराहा। ग्रामीणों ने भी इस मुलाकात को अपने जीवन का एक विशेष क्षण बताया।

उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री का यह व्यवहार उन्हें अपना परिवार का सदस्य महसूस कराता है। केवल अपनी विधानसभा ही नहीं, बल्कि जहां भी वे जाते हैं, वहां की जनता से वे उतनी ही आत्मीयता से मिलते हैं, जिससे लोगों का विश्वास और समर्थन लगातार उनके प्रति बना रहता है। किसी उप मुख्यमंत्री का बिना औपचारिकता के आम लोगों के बीच बैठना, उनके साथ बात करना और भोजन साझा करना आज के दौर में एक दुर्लभ दृश्य है।

## अभ्युदय स्कूल में मनाया गया मजदूर दिवस




**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में दिनांक 1 मई को हर्षोल्लास के साथ मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक के साथ किया गया, मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर वर्ष 01 मई का दिन इनको समर्पित होता है, जिसे लेबर डे, श्रमिक दिवस व मजदूर दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इसका उद्देश्य मजदूरों को उनका हक दिलाना और सम्मान देना, जिससे कि उन्हें सम्मान के साथ उनका अधिकार मिल सके। संस्था के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उनके लिए आकर्षक खेल, भाषण व विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें खेल प्रतियोगिता के विविध खेलों में बीड्स गेमएम्यूजिकल चेयर, बलून पिरामिडएम्यूजिकल ग्लास का आयोजन हुआ, जिसमें क्रमश धनेशिया, दुर्गा लांझी, शुभम ठाकुर, दीपक चंद्रवंशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। इन गतिविधियों में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मजदूर दिवस पर विद्यालय के श्रमिकों का सम्मान करने के साथ उन्हें उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर संस्था के हाउस कीपिंग इंचार्ज बीरू ने कार्यक्रम की व्यवस्था की संस्था की एचआर संसाधन प्रबंधक, श्रीमती प्रीति सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपने उद्बोधन में मजदूर दिवस की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्था प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं एकेडमिक हेड श्रीमती व्हीशोभा ने स्थानीय भाषा में अपने उद्बोधन में कहा कि सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत और समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के योगदान के बिना विद्यालय एवं छात्रों की उन्नति संभव नहीं है और साथ ही मजदूर दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आभार व्यक्त किया।

### पूजन आराधना का कार्यक्रम संपन्न

# आदि शंकराचार्य का 2532 वा जन्मोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

हिंदू धर्म के पुर्नसंस्थापक आद्य शंकराचार्य भगवान की 2532 वीं जन्मोत्सव समारोह मनाई गई। आद्यगुरु शंकराचार्य महाभाग के 2532 वें प्राग्ट्य महोत्सव के अवसर नगर पंचायत सामाजिक भवन पिपरिया में पूजन आराधना का भव्य कार्यक्रम आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ, इस पुनीत पर्व में श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए विद्वानो ने शंकराचार्य के जीवन वृतांत के संदर्भ में बताया आदिशंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, हिंदू धर्म को विच्छेद करने विदेशी षड्यंत्र द्वारा आक्रमण हो रहा था, अनेकों पंथ कापालिक, बौद्ध, पाखंडवाद, नास्तिकवाद का तांडव नृत्य हो रहा था। मठ-मंदिर, तीर्थधाम, पूजा, यज्ञ, पाठ भजन कथा, सत्संग, लुप्तप्राय हो चुका था। इस संकटकाल में भगवान शिव केरल के काल्टी ग्राम में प्रकट होकर 8 वर्ष की आयु में सन्यास ग्रहण कर देश के कोने-कोने में भ्रमण कर शास्त्रार्थ में सभी मत मतांतरों को पराजित कर राजा सुधनवा को अपने वश में करके धर्म नियंत्रित शासन तंत्र की स्थापना की। भगवान शंकराचार्य ने सनातन धर्म संस्कृति संरक्षण एवं राजतंत्र में दिशाहीनता ना हो इसलिए चार-दिशाओं में चार-मठों की स्थापना कर सनातन धर्म की ध्वजा को फहराया। वह आज भी शाश्वत है पूरे हिंदुओं के आस्था के केंद्र हैं इस परंपरा में गोवर्धन मठ पुरी पीठ के 145 वें जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग द्वारा राष्ट्र उत्कर्ष अभियान यात्रा के द्वारा भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो सुसंस्कृत, सुशिक्षित, सुरक्षित, संपन्न, सेवा पारायण, सर्वहित प्रद समाज की संरचना विकास तथा राजनीति की परिभाषा हो संगोष्ठी में संदेश प्रसारित करते हैं। आज की आवश्यकता है शंकराचार्य के जीवन दर्शन को पाठ्य पुस्तक में शिक्षा प्रणाली में निर्धारित हो जिससे अधिक से अधिक लोगों को युवा पीढ़ी को सनातन गुरु परंपरा शंकराचार्य परंपरा के प्रति आस्था बढ़े। इस दौरान आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थें।

# तूफान ने मचाई तबाही, कच्चे मकान के छप्पर उड़े, जनजीवन प्रभावित

## केले की फसल को नुकसान मुआवजा की मांग





■ क्षेत्र में तेज, आंधी तुफान से कई विशालकाय पेड़-पौधे धराशाही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को अचानक मौसम में हुई बदलाव व तेज, आंधी-तुफान तथा झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि से जन जीवन प्रभावित हुई है। तेज, आंधी तुफान से कई पेड़-पौधे धराशाही तथा कच्चे मकानों के छप्पर उड़ाने से जन जीवन प्रभावित हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस भारी तबाही से सड़कों पर पेड़-पौधे साथ ही बिजली खंभे गिरने से ग्रामीणों को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं किसानों के साग-सब्जी, केले व अन्य फसलों की भारी बर्बादी व क्षतिग्रस्त होने से काफी नुकसानों का सामना करना पड़ा है। ग्राम दौजरी की किसान संतोष चंद्रवंशी ने बताया कि वहीं 10 एकड़ खेतों में केले की उत्पादन कर रहे है वहीं केले में फल-फूल निकल आए थे, वहीं मौसम में उथल-पुथल व तेज, आंधी-तूफान के साथ हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि से केले की फसल चौपट व भारी नुकसान हुई है। जिस पर ग्रामीण किसान श्री चंद्रवंशी ने शासन-प्रशासन से नुकसान केले फसल मुआवजा की मांग की गई ताकि नुकसान की भरपाई हो सके।

## कच्ची सड़क में जल भराव से आवागमन बाधित, राहगीर परेशान



पिछले तीन-चार दिनों से हुई तेज-आंधी-तुफान व झमाझम बारिश से जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराभाट से बरबसपुर, दौजरी से डबराभाट, नाऊडीह से घुकसा व नाऊडीह से बीजाझोरी तथा सारंगपुर खुर्द से बाझीमौहा और सारंगपुर खुर्द से जमुनिया मार्ग सुधार व मरम्मत तथा डामरीकरण के अभाव में कच्ची सड़क में जलभराव के कारण से ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार होकर चोटिल हो रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियो तथा शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा मरम्मत तथा डामरीकरण की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरो को राहत व सुविधा मिल सकें। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के रहवासियो को 35 वर्षो से पक्की सड़क की सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है, वहीं क्षेत्र के ग्रामीण आर्थिक दुर्दशा पर आंसु बहा रही है।

## प्राथमिक शाला देवरी में छात्र छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरित



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में 30 अप्रैल को सत्र 2024-25 का कक्षा 01 से कक्षा 04 तक के सभी विद्यार्थीयो को प्रगति पत्रक प्रमाण पत्र प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा द्वारा वितरण किया गया, तत्पश्चात उनको मिठाई पुरस्कार भी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर प्रधान पाठिका श्रीमती हेमलता शर्मा, शिक्षक अजित यादव साथ ही साथ संख्या के एसएमसी सदस्य, पालक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिविर में 90 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**कवर्धा**। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम माकरी में गत शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित मोबाइल हेल्थ पैथा लैब से 90 से ज्यादा ग्रामीणों ने मुफ्त में स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। यह लैब पंडरिया विधानसभा सहित जिले के आसपास के गांवों में भी पहुंच रही है। ग्रामीण इसका लाभ ले रहे हैं। हेल्थ लैब में 20 से ज्यादा तरह के सामान्य और गंभीर रोगों की जांच की सुविधा है।

# पंडरिया क्षेत्र के वनवासियों के लिए वरदान माने जाने वाले स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी खामी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले और प्रदेश के सीमावर्ती वनांचल में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर में एक कमी के चलते आए दिन वनवासियों को मिलने वाली समुचित स्वास्थ्य सुविधा में बाधा उत्पन्न हो रही। दर्जनों वनवासी ग्रामो के लिए जीवनदायनी इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अंचल की खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था के बावजूद वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था का आभाव है। यहां बताना लाजिमी होगा कि वनांचल होने के चलते मौसम के उतार चढ़ाव के अलावा तकनीकी सुधार किए जाने से प्रायः प्रतिदिन बिजली बंद होने की समस्या यहां बनी रहती है और ऐसे में इस 30 बिस्तर वाले अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था की दृष्टि से जनरेटर अथवा फिर सौर ऊर्जा लगाना अति आवश्यक है। किंतु इस संवेदनशील क्षेत्र के महत्वपूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रायः प्रतिदिन होने वाली विद्युत अवरोध की स्थिति में प्रकाश व्यवस्था का कोई समुचित साधन नहीं है। आखिर सरकार और प्रशासन के जिम्मेदारों का ध्यान इस तरफ क्यों नही जाता? समय-समय पर जिला कलेक्टर और अन्य विभागीय अधिकारियों का यहां दौरा होता है लेकिन इस बारे में जानने की और फिर जानते हुए भी इसका शीघ्र समाधान करने की कोशिश क्यों नहीं की जाती?



### दंत चिकित्सा के कारण भी रहती है भीड़...

उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर दांतों से संबंधित बीमारियों के बेहतर इलाज के लिए ख्याति लब्ध हो चुका है। दंत चिकित्सा के लिए बड़े शहरों में जाकर हजारों रुपए के अलावा बार बार आवागमन में परेशानी झेलने वाले मरीजों की यहां सर्व सुविधायुक्त सम्पूर्ण चिकित्सा मुफ्त और कम समय में हो जाती है!इसीलिए यहां दांत संबंधी मरीजों की अच्छी खासी संख्या रहती है!मगर अचानक लाइट बंद होने और देर तक नहीं आने से दूर दराज से आए मरीजों को लौटना पड़ता है।

### दूसरे जिलों से भी ईलाज कराने आते हैं मरीज

यहां के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक स्वप्निल साधू ने बताया कि इस अस्पताल में अपने दांतो से संबंधित बीमारियों का इलाज कराने दूर दराज से आने वाले मरीजों में पंडरिया के अलावा मुंगेली जिले और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती इलाके के मरीज भी बड़ी संख्या में आते हैं। श्री साधू ने बताया कि वैसे तो लाइट बंद होने पर यहां इनवर्टर की व्यवस्था है किंतु वर्तमान में वह ओवरलोड के चलते अक्षम साबित हो जाता है जिसके कारण जहां हमें आने वाले मरीजों को समय पर जरूरी सेवाएं देने में परेशानियां होती हैं, वहीं सबसे ज्यादा परेशानी दूर दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को उठानी पड़ती हैं। वनांचल वासियों ने बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की दृष्टि से कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त सोलर पैनल लगाने की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्र के गणमान्य जनों एवं ग्राम पंचायत कुई, कुकदुर, दमगढ़, कोदवागोड़ान, कामठी तथा मझोलीरवन के नवनिर्वाचित सरपंचो ने जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर में वनवासियों की समुचित चिकित्सा व्यवस्था की दृष्टि से शीघ्र ही सोलर पैनल लगवाया जाए। लोगों का यह भी कहना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने लगातार प्रयासरत हैं लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि यहां बेहद जरूरी माने जाने वाले सरकारी संस्थानो में ही सौर ऊर्जा सिस्टम का आभाव है।

### सोलर पैनल लगवाने प्रक्रिया जारी है

विद्युत व्यवस्था में आए दिन होने वाले अवरोध के चलते चिकित्साकार्यो में होने वाली परेशानियों के मद्देनजर यहां सौर ऊर्जा के लिए विभागीय प्रयास किए जा रहे हैं जो प्रक्रिया में है।

**डॉ.प्रासंगिना साधु , अस्पताल प्रभारी**

---

**कार्रवाई:** 16 बकरियां एवं बकरे चोरी के लिए प्रयुक्त मॉडिफाइड इनोवा वाहन जब्त

# वाहन में बकरी भरकर तेज गति से भागकर दूसरे शहर में बेचते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा सहित जिले के कुकदुर, पंडरिया तथा अन्य थाना क्षेत्रों में सक्रिय बकरी चोर के सात सदस्यों को कवर्धा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने इस बकरी चोरों से 16 नग बकरियां और बकरी चोरी के लिए प्रयुक्त विशेष रूप से मॉडिफाइड इनोवा वाहन जब्त किया है। पुलिस ने इस आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 183/2025, धारा 305(ए), 331(1) बीएनएस के तहत कार्यवाही की है। वहीं जिले के पंडरिया तथा कुकदुर थाना में भी इन आरोपियों के विरूद्ध इन्हीं धाराओं के तहत अपराध दर्ज है। गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर कुकदुर, पंडरिया और कवर्धा थाना क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से रात के अंधेरे में सुनियोजित तरीके से बकरिया चोरी करने की वारदातें सामने आ रही थीं। इन घटनाओं की शिकायतें भी लगातार पुलिस प्रशासन को मिल रही थी।

जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम गठित कर इन वारदातों के पीछे छिपे गिरोह की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से यह पता चला कि एक संगठित गिरोह बिलासपुर जिले के मोपका, मंगला एवं मगरपारा क्षेत्रों से संचालित हो रहा है। इस जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों में दबिस देकर चोर गिरोह के सात सदस्य शब्बीर खान पिता रहीम खान उम्र 20 वर्ष वार्ड क्रमांक 47 निवासी मोपका चिल्हाटी, बिलासपुर, गौरव धूरी पिता दिनेश धूरी उम्र 20 वर्ष निवासी मोपका चिल्हाटी, बिलासपुर, मनीष पटेल पिता गेंदराम पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी मगरपारा, बिलासपुर, सोहेल खान पिता शेख अब्दुल्ला उम्र 20 वर्ष निवासी मंगला चौक, बिलासपुर, अजय सोनवानी पिता राजेंद्र सोनवानी उम्र 29 वर्ष निवासी बजरंग चौक, बिलासपुर, सहबान खान पिता अब्दुल रहमान उम्र 27 वर्ष निवासी चिल्हाटी, बिलासपुर तथा शाहीद खान पिता अब्दुल रहमान उम्र 19 वर्ष निवासी चिल्हाटी बिलासपुर को दबोच लिया।



### चोरी कर बेचते थे आरोपी, बिलासपुर के मटन मार्केट में

इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि गिरफ्त में आए इन आरोपियों ने कबीरधाम जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को निशाना बनाकर अब तक लगभग 80 से अधिक बकरियों की चोरी कर चुके हैं। चोरी की अधिकांश बकरियों को आरोपियों ने बिलासपुर स्थित मटन दुकानों में बेच दिया जबकि 16 बकरियां सुरक्षित बरामद की गईं। चोरी के लिए आरोपी विशेष रूप से मॉडिफाइड इनोवा गाड़ी का इस्तेमाल करते थे जिसमे आसानी से लोगों की नजरें बचाकर अधिक संख्या में बकरियां चुराकर रखी जा सकती हैं।



### सुनियोजित और हाईटेक ढंग से आरोपी देते थे चोरी की वारदात को अंजाम

उप पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल ने पूछताछ के दौरान आरोपियों के हवाले से बताया कि उन्होने बकरियां चोरी की वारदात को कबूल किया है। आरोपी बकरियों की चोरी करने के बाद रात में ही अपने क्षेत्र ले जाकर मटन दुकानों के माध्यम से बेच देते थे। यह गिरोह के कार्य करने का तरीका सुनियोजित और चोरी के लिए तेज गति से वाहन में भरकर और मोबाइल का सीमित उपयोग करते हुए तकनीकी निगरानी से बचने वाला था, लेकिन कबीरधाम पुलिस की टीम की सजगता और समन्वय से उन्हें पकड़ा गया।

### तालपुर से चोरी की गई थी 30 बकरियां



यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी बीते बुधवार को ही इस बकरी चोर गिरोह ने कवर्धा कोतवाली अंतर्गत ग्राम तालपुर निवासी एक बकरी पालक के घर में दबिस देकर 30 नग बकरी पार कर दी थी। इस अरोपियों ने इस चोरी की वारदात को बकरी पालक के मकान की दीवार में बड़ा होल कर दी थी और मौके से चंपत हो गए थे। इस घटना के बाद पीड़ित बकरी पालक ईश्वरी यादव ने चोरी की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई थी। माना जा रहा है कि ग्राम तालपुर से चुराई गई बकरियों को भी इन आरोपियों ने बिलासपुर के मटन बाजार बेंच दिया है। हांलाकि पुलिस ने आरोपियों से 16 नग चोरी की बकरियां जप्त की हैं। लेकिन ये बकरी तालपुर निवासी ईश्वरी यादव की हैं या नहीं इसकी पहचान पुलिस कर रही है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि बकरी चोरी कोई छोटी घटना नहीं है, यह ग्रामीण गरीब परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है। कबीरधाम पुलिस द्वारा इस गिरोह को बेनकाब करने की कार्यवाही यह संदेश देती है कि अब जिले में ऐसे अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। कबीरधाम पुलिस द्वारा ऐसे अन्य संगठित गिरोहों की पहचान कर लगातार कार्रवाई की जा रही है।गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाइयों से अपराधियों में दहशत का माहौल बना है। जिला पुलिस द्वारा हाल ही में एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर कई हायवा वाहन वरामद किए गए, जिसमें हरियाणा, राजस्थान और उत्तरप्रदेश से जुड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ।

### पुलिस ने बकरी चोरों का शहर में निकाला जुलूस

कवर्धा पुलिस ने पकड़े गए सातों आरोपियों को सबक सिखाने के लिए अनोखा तरीखा अपनाते हुए सभी आरोपियों का शहर में जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान ये सभी आरोपी जप्त की गई एक-एक बकरी को अपने कंधों में रखकर चल रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। आरोपियों का जुलूस कवर्धा कोतवाली से शहर के मुख्य मार्गो में निकाला गया।

---

# खेत की फैंसिंग में लगाए गए करंट से गाय और बंदर की मौत





- ग्रामीणों में आक्रोश, आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ौदा खुर्द में एक किसान द्वारा अपने खेत की फैंसिंग में लगाए गए बिजली करंट की चपेट में आने से स्थानीय ग्रामीण की एक गाय सहित वन्य प्राणी बंदर की मौत हो गई।

बताया जाता है कि इस घटना के बाद स्थानीय गामीणों में आरोपी किसान के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्हें पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ घटना की जानकारी के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर वन्यप्राणी बंदर का शव बरामद कर लिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है लेकिन अभी तक इस मामले में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

ग्राम बड़ौदाखुर्द के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम दैहानडीह निवासी कृषक कांशीराम यादव का बड़ौदाखुर्द में खेत है और उसने खेत में लगी अपनी फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों तरफ लगी फैंसिंग में सीधे ट्युब बेल से तार खींचकर बिजली करंट लगा है। जिसकी चपेट में आने से रविवार की सुबह स्थानीय मवेशी पालक रामकुमार पटेल की एक गाय की मौत हो गई।

वहीं करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक वन्यप्राणी बंदर की भी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में आरोपी किसान के प्रति खासी नाराजगी व आक्रोश है। घटना की सूचना के बाद क्षेत्रीय वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत बंदर का शव बरामद कर लिया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन तथा वन विभाग से आरोपी किसान के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पिपरिया क्षेत्र के घोरेवारा गांव में शनिवार की दोपहर उस वक्त मातम पसर गया जब सात वर्षीय मासूम विकास मानिकपुरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। खेलने के लिए घर से निकले इस बच्चे की जीवन की डोर अचानक यूं टूट जाएगी किसी ने सोचा नहीं था। मासूम की मौत ने परिजनों के साथ पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। यह दर्दनाक घटना पिपरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोरेवारा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर लगभग 3.30 बजे विकास मानिकपुरी तालाब के पास गया हुआ था। इसी दौरान अचानक वह फिसलकर गहराई में चला गया और डूब गया। आसपास कोई मौजूद नहीं होने के कारण समय पर मदद नहीं मिल पाई और उसकी जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पिपरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे के शव को तालाब से बाहर निकालकर मर्ग कायम कर लिया है।

# स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगाया मोहल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन द्वारा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए सुशासन तिहार के माध्यम से आमजन की आवाज को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी दिशा में सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 08 के निवासी बोधन दास की एक महत्वपूर्ण समस्या का शीघ्र निराकरण किया गया, जिससे न केवल उन्हें राहत मिली, बल्कि अन्य नागरिकों को भी बेहतर सुविधा का लाभ मिला। बोधन दास ने अपने वार्ड में लंबे समय से खराब या अनुपलब्ध स्ट्रीट लाइट की समस्या को देखते हुए सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था। उनके आवेदन पर नगर पंचायत प्रशासन ने तत्परता दिखाई और शीघ्र कार्यवाही करते हुए उनके क्षेत्र में नई स्ट्रीट लाइटें स्थापित कर दीं। इस कार्य के पूर्ण होने से वार्ड क्रमांक 08 में अब रात्रिकालीन सुरक्षा और आवागमन में सुविधा मिली है। क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन और शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब मोहल्ले में अंधेरा नहीं रहता, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रात में बाहर निकलने में आसानी हुई है।



---

# मरार पटेल समाज ने वनरक्षक पद पर चयनित अभ्यर्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मरार पटेल समाज के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा संचालित कोचिंग संस्थान एवं अंश कोचिंग संस्थान के माध्यम से वन विभाग में वनरक्षक पद पर चयनित अभ्यर्थियों का भव्य सम्मान समारोह मां शाकंभरी भवन, समनापुर में आयोजित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर ग्राम मोटीयारी निवासी रामकली पिता अगर राम पटेल, ग्राम बरपेलाटोला निवासी अंजु पटेल पिता टीकू राम पटेल एवं पंडरिया की सरस्वती जोगी जो प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित हैं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन युवाओं की यह सफलता न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि समाज की सामूहिक प्रेरणा और मार्गदर्शन का भी परिचायक है। समारोह की गरिमा बढ़ाने हेतु भोयरा मरार कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाटिल, साथ ही तरुण पटेल, घनश्याम पटेल, अशोक कुमार पटेल, रोशेलाल पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, तथा अवध पटेल मंचासीन रहे। कार्यक्रम में कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी भी उपस्थित रहे, जिनके लिए यह आयोजन प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरा। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में मेहनत, अनुशासन एवं सामूहिक सहयोग के महत्व को रेखांकित किया और चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन मरार पटेल समाज के सामाजिक उत्तरदायित्व, शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रगति की भावना का प्रतीक बना रहा।



---

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश की पहल को मिल रहा जनसमर्थन

# तालाब संरक्षण अभियान में चौथे रविवार को भी श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ,सुंदर विकसित कवर्धा के संकल्प को लेकर शहर के तालाबो के संरक्षण व संवर्धन की दिशा के चौथे पड़ाव में आज राधा कृष्णा मंदिर बड़े तालाब में साफ-सफाई श्रमदान कर तालाब की सफाई कर स्वच्छ किया गया। श्रमदान हेतु नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, संस्था प्रमुख को आमंत्रित कर अभियान को मूर्त रूप दिया जा रहा है। सभी ने इस अभियान में अपना श्रमदान किया। स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित कवर्धा के संकल्प के साथ नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में शहर के तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान की शुरुआत राधा कृष्णा मंदिर स्थित बड़े तालाब में श्रमदान के माध्यम से सफाई कार्य करके की गई और आज चौथे रविवार को भी इसी तालाब में स्वच्छता को लेकर अलख जगाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की हमारा संकल्प है कि कवर्धा को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाया जाए। इसी दिशा में हमने शहर के तालाबों के संरक्षण और संवर्धन की शुरुआत बड़े तालाब की सफाई से की है और लगातार हर रविवार को अभियान चलाकर तालाब को सभी के सहयोग से श्रमदान कर स्वच्छ बनाया गया। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का प्रतीक है। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूँ कि वे इस मुहिम में सहभागी बनें और अपने शहर को स्वच्छ और समृद्ध बनाने में योगदान दें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को शहर के तालाबो, प्रमुख स्थानों में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में सामाजिक संस्था, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गण, समाज प्रमुखों के साथ साथ गणमान्य नागरिकगण तथा जनसामान्य लोगो को भी जोड़ा जा रहा है ।